## खबर संक्षेप

### एन.डी.आर.एफ वाराणसी ने किया कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

पांढुर्णा। स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय विज्ञान महाविद्यालय पांढुर्णा में प्राचार्य डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, स्पोर्ट्स एवं एडवेंचर क्लब के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक आज 22 जनवरी को एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम हुआ यह प्रोग्राम गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 11वीं बटालियन एन.डी.आर.एफ. वाराणसी की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं ट्रेनर एन.डी.आर.एफ. वाराणसी से इंस्पेक्टर रेखा कुमारी एवं उनके सात सदस्यीय दल ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदाओं के बारे में शिक्षित करना और उन्हें आपदा के समय में सुरक्षित रहने के लिए तैयार करना है। इस दौरान एन.डी.आर.एफ. प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर मॉक ड्रिल की गई। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थिति रहे।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. किशोर पराड़कर प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शित किया। स्पोर्ट्स एवं एडवेंचर क्लब के संयोजक डॉ. सूरज रामटेके, डॉ. ललिता धुर्वे, डॉ. दिलेश इंदौरकर, डॉ. अभिलाषा दवंडे, भोजराज कराले, कु. आंचल चटप एवं महाविद्यालय स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

### बाल विवाह न करने एवं बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई

छिंदवाड़ा। बालिकाओं के अधिकारों एवं सषक्तिकरण के बारे में जानकारी बढाने के लिये प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है ताकि बालिका की षिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, और सुरक्षा पर जोर दिया जा सके इस हेतु महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेष कुमार षिवहरे के निर्देषन में बालिकाओं को करियर के प्रति सषक्तिकरण करने के लिये जिले में 22 जनवरी से 24 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसके तहत मोहखेड विकासण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उमरानाला में जागरूकता कार्यकम्र किया गया। इस अवसर पर विधिक सहायता अधिकारी विजय खोबरागढें ने उपस्थित छात्रों को अपने पढाई के साथ आगे का करियर बनाने के लिये कार्ययोजना बनाकर आगे की तैयारी करने के उपाय बतायें।जिससे कि अपना लक्ष्य हासिल कर सकें।

### महाशिवरात्रि पर्व पर भूराभगत में 6 से 17 फरवरी तक लगेगा महादेव मेला, बैठक में बनाई कार्ययोजना

# महाशिवरात्रि मेले को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले की जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा के ग्राम भूराभगत में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 06 से 17 फरवरी तक महादेव मेला आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज मेला स्थल पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के सफल आयोजन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर सहित संबंधित सभी विभागों के प्रमुख एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### महादेव मेले को लेकर हुई प्रशासनिक बैठक

जुन्नारदेव। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भूराभगत एवं बड़ी भुवन में आयोजित होने वाले परंपरागत महादेव मेले की तैयारियों को लेकर आज ग्राम पंचायत सांगाखेड़ा के भूराभगत में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायण ने की, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का यह पर्व आस्था से जुड़ा हुआ है, इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।

### प्रमुख व्यवस्थाओं पर लिया गया निर्णय

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि मेले के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि महादेव मेले में छिन्दवाड़ा जिले सहित समीपवर्ती जिलों एवं अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए यातायात, सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पर्याप्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

### स्वास्थ्य, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के विशेष निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि जुन्नारदेव से भूराभगत तथा दमुआ से भूराभगत पैदल मार्ग में स्थित सभी जल स्रोतों को नियमित रूप से शुद्ध किया जाए। मेला स्थल पर शुद्ध पेयजल, एंबुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य इकाई, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए। इसके साथ ही सुलभ शौचालय एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सतर्कता बरतते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### पार्किंग एवं पुलिस व्यवस्था

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय ने मेला क्षेत्र में वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग हेतु स्थलों का चिन्हांकन कर अनाउंसमेंट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित दुर्घटना स्थलों पर साइनेज लगाने, प्रमुख मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा मेला क्षेत्र में पुलिस चौकियों के दोनों ओर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों ने लगाए थे वन विभाग के खिलाफ नारे

# गुरुवार को पहुंचा फॉरेस्ट विभाग कॉलेज प्रबंधन से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बुधवार को हुए घटनाक्रम के बाद गुरुवार 22 जनवरी को फॉरेस्ट विभाग से वन परिक्षेत्र अधिकारी एच एल कोदार, डिप्टी रेंजर चंदन मालवी सहित फॉरेस्ट विभाग का अमला मौका स्थल पर पहुंचा। मौका स्थल पर पहुंचकर फॉरेस्ट विभाग द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन से चर्चा की गई और दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहां गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर द्वारा तहसीलदार जुन्नारदेव को सीमांकन हेतु आवेदन दिए जाने की बात कहते हुए सीमांकन उपरांत कार्य करने की बात कही गई। जिसके बाद फॉरेस्ट विभाग और महाविद्यालय प्रबंधन में आपसी सहमति बनी।

### सीमांकन के बाद ही होगा भूमि निर्धारण

इस पूरे मामले में जब तक राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन नहीं किया जाता तब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होगी। फिलहाल महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 15 जनवरी को दिए गए सीमांकन के पत्र मैं अब तक राजस्व विभाग से कोई कार्यवाही नहीं की गई है जबकि 07 दिवस बीत चुके हैं ऐसे में यह भूमि स्वामित्व का मामला उलझता जा रहा है। फिलहाल अब इस मामले में राजस्व विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही ही मुख्य मानी जा रही है। कार्रवाई के दौरान महाविद्यालय स्टाफ से प्रोफेसर आर के चंदेल खेल अधिकारी नीरज पाल सहित वन विभाग से अमीनुद्दीन खिलजी सहित वन विभाग का अमला उपस्थित था।

# अभी तक जिले के 2208 किसानों ने ई टोकन से प्राप्त की 889 मेट्रिक टन उर्वरक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में कृषि एवं सह संबद्ध विभागों उद्यानिकी, पशुपालन, दुग्ध संघ, मत्स्य पालन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, सहकारिता एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग की फॉलोअप समीक्षा बैठक ली ।

**उर्वरक वितरण की गहन समीक्षा :** बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने उर्वरक वितरण के तहत रबी सीजन के लिए खाद उपलब्धता, डबल लॉक केंद्र एवं नगद विक्रय केंद्रों में उपलब्ध यूरिया, भंडारण केंद्रों की क्षमता, प्रतिदिन वितरित उर्वरकों की मात्रा आदि की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की उर्वरक की उपलब्धता सुचारू हो और जिले में ई विकास वितरण प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने धान खरीदी का भुगतान भी सभी किसानों को समय पर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रबी सीजन के लिए जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। ई-विकास प्रणाली 15 जनवरी 2026 से जिले में लागू हो गई है। अभी तक 2208 किसान ई टोकन के माध्यम से 889.815 मेट्रिक टन उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं। बैठक में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग अंतर्गत लक्ष्य पूर्ति की भी समीक्षा की गई।

### "चलो चलो चलो जगन्नाथ मैदान चलो" के उद्घोष के साथ 25 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन

छिंदवाड़ा। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, संकट मोचन उपनगर, छिंदवाड़ा द्वारा दिनांक 25 जनवरी को स्थानीय जगन्नाथ मैदान में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा।इस भव्य सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गणेश पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. वैभव जी महाराज, सिद्ध योग मठ अखाड़ा, गणेश मठ का सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा।



उनके ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से सनातन धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक एकता के विषय में जनमानस को प्रेरणा प्राप्त होगी।हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना जागृत करना, भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना तथा युवाओं को संस्कारवान जीवन की दिशा प्रदान करना है।आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के सभी सनातन धर्मावलंबियों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### नपं बड़कुही ने 4 स्थानों पर लगाए कैमरे

बड़कुही / परासिया :- नगर परिषद बड़कुही के द्वारा नगर के मुख्य मार्गों पर सी सी टीवी कैमरे लगवाए गए । यह कैमरे पुलिस चौकी के पास , बड़कुही गुलाई मैन रोड , पुरानी नगर परिषद मैन रोड , वार्ड नं 05 मैन रोड में लगाए गए हैं । जिससे सुरक्षा दिशा में उठाया गया ठोस कदम माना जा रहा है । कैमरे लगाए जाने के बाद उनका ट्राइल भी लिया गया । इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष भारत डेहरिया , मुख्य नगर पालिका अधिकारी रंजीत अहाके , संजय राय सभपति एवं पूर्व पार्षद शहजाद खान उपस्थित रहे ।

# सांसद आज छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू आज 23 जनवरी को छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे छोटा तालाब सुभाष पार्क छिन्दवाड़ा में भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा सुभाष चंद्र जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:30 बजे चौरई के ग्राम खिरखिरी में श्रीमद भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2:30 बजे हरनाखेड़ी में श्रीमद भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे सौंसर के ग्राम कुड्डम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं शाम 4:30 बजे लोधीखेड़ा में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

### माता मंदिर प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

तामिया। पीतांबर पीठ अनहोनी के तुरयानंद जी महाराज, तुलतूला नैना मंदिर के महंत झीनानंद जी देलाखारी रुद्र महाराज कथा वाचक इस विशाल धार्मिक रैली का नेतृत्व धर्म ध्वजा लेकर कर रहे थे उनके पीछे हजारों की संख्या में राम भक्त महिला पुरुष बच्चे बड़े बूढ़े जय श्री राम के नारे लगाते हुए हुआ ब्लाक कालोनी से सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में चल समारोह के रूप मै राम लक्ष्मण की झांकी डीजे की धुन पर लंबी रैली निकली जिसमें सनातन धर्म प्रेमी बंधुओ ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को जागृत करना, आपसी भेदभाव, जात पात के मिटाने को लेकर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार वक्त किया। कार्यक्रम में हिन्दू समाज में समानता, एकता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए चंद्रशेखर श्रीवास ने सारगर्भित प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि संस्कृति संस्कार के बिना जीवन अधूरा है। जात-पात का विभाजन करना स्वार्थी लोगों का काम है।महिलाओं के विभिन्न रूपों का उल्लेख किया। इस अवसर पर अनूप कैचे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आरएसएस का 100 वर्ष पूर्ण होने एवं श्री राम मंदिर निर्माण के एक वर्ष पूर्ण होने पर जगह-जगह हिंदू सम्मेलन किए जा रहे हैं। ताकि हमारे बीच में भेदभाव मुक्त समाज का निर्माण हो। उन्होंने हिंदू समाज का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए सामाजिक समरसता के लिए समस्त व्यक्तियों के महत्व को रेखांकित किया। आयोजन समिति में अनिल कैचे सतीश मिश्रा अनूप कैचे वतन उपाध्याय विनोद अग्रवाल चंद्रशेखर श्रीवास कोमल सूर्यवंशी नितिन दत्ता विनय साहू नीलेश डेहरिया राजा गुप्ता महिलाओं में किरण वाजपेई रानी तंतुवाय शाहित सभी ग्राम के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे कार्यक्रम.के विशाल रूप में हनुमान जी के नृत्य प्रस्तुत किया किया।



# सार्वजनिक रूप से मनाए जाने वाले त्यौहारों को लेकर हुई चर्चा

### राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम के लिए आयोजित बैठक में गणमान्य नागरिक रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

न.पा. दमुआ में वर्ष भर मे होने वाले तीज त्योहार,राष्ट्रीय पर्व सामुहिक रूप से मनाये जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में सामान्य रूप से बैठक बुलाई जाती है और गणमान्य नागरिक सामाजिक बन्धु, व्यापारी बन्धु धार्मिक संगठन जनप्रनिधि पत्रकार बन्धु आदि समस्त लोगो को खासरकर बैठक मे बुलाया जाता है और उनसे आयोजित कार्यक्रम के संबंध मे विचार विमर्श कर कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई जाती है परन्तु अक्सर देखा जा रहा है।



न.पा. दमुआ के द्वारा आयोजित होने वाले सामुहिक कार्यक्रम के संबंध मे जानकारी पूर्णरूप से नही दी जाती है ना ही प्रचार प्रसार किया जाता है और गुपचुप तरीके से बैठक आयोजित कर ली जाती है। और आम जन लोगो को पता ही नही चलता कि न.पा. मे क्या हो रहा है। और कुछ खास लोगो को बुलाकर बैठक मे सामिल कर लिया जाता है और अपना कोरम ऐजेन्डा पूर्ण कर लेते एवं मनमाने तरीके से कार्यक्रम के आयोजन की रूप रेखा बना ली जाती है और होने वाले आयोजित कार्यक्रम में सरकारी राशि का दुरूपयोग किया जाता है। जबकि इसके पूर्व में न.पा. अधिकारी एव अध्यक्ष परिषद के द्वारा लोगो को पत्र देकर बैठक मे आमंत्रित किया जाता था। क्षेत्र के कुछ गणमान्य नागरिकों द्वारा नाम ना छापने की शर्त पर बताया गया कि पूर्व के वर्षो मे उन्हे मींटिंग मे आमंत्रित कर उनसे विचार विमर्श किया जाता था किन्तु वर्तमान समय में उन्हे मीटिंग मे आमंत्रित नही किया जाता है और मनमाने तरीके से निर्णय ले लिये जाते है।

खास बात तो यह है कि राष्ट्रीय पर्व के सामुहिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चो को सुबह से बुला लिया जाता है और कार्यक्रम 9 बज से शाम के लगभग 5 बजे तक बैठाकर बच्चो को रखते है जिससे स्कूली बच्चे भूख प्यास के मारे व्याकुल हो जाते है पीने के पानी से लेकर नास्ता स्वल्पाहार मिष्ठान वितरण में मे भी ध्यान नही दिया जाता है और अंत में कार्यक्रम के समापन पर सभी लोग अपने अपने साधन से चले जाते है तथा बच्चे पैदल अकेले अपने अपने घर जाते है।

### धार्मिक स्थल परिसर क्षेत्र में समय पर नहीं की जाती साफ सफाई

दमुआ। न.पा. दमुआ के तहत आने वाले वार्ड न. 18 के अन्तर्गत धार्मिक स्थल हमारे हनुमान मंदिर दमुआ मे समय समय पर साफ सफाई होनी चाहिए ताकि मंदिर परिसर क्षेत्र मे स्वच्छ वातावरण बना रहे परन्तु अक्सर देखा जा रहा है कि न.पा. दमुआ के कुछ सफाई कर्मचारियों के द्वारा घोर लापरवाही के कारण मंदिर प्रांगण में कई दिनो साफ सफाई तक नही हो पा रही है इसी तरह की स्थिति, बाबा श्री सिद्धनाथधाम मंदिर परिषर क्षेत्र मे भी बनी हुई है। जबकि मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि उक्त संबंध में न.पा. अधिकारी एवं अध्यक्ष सफाई विभाग के संबंधित अधिकारी को भी शिकायत की गई किन्तु इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है तथा स्वच्छ भारत मिशन को ताक पर रखकर स्वाछता मिशन अभियान को मजाक बना कर धज्जिंया उठाई जा रही हैं ।

### मोहगांव जलाशय से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर बैठक में हुआ विचार विमर्श




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

मोहगांव जलाशय से प्रभावित किसानों द्वारा प्रशासन के समक्ष बार बार अपनी समस्याएं उठाने को लेकर पर कल 21 जनवरी को कलेक्टर द्वारा गठित समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने की।बैठक में समिति के अन्य सदस्य अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग जिला छिन्दवाड़ा के अलावा जलाशय प्रभावित किसान सुदामा मानमोडे निवासी भुम्मा सहित अन्य कृषक भी बैठक में शामिल हुए। किसानो के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए थेगए। बैठक में कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि डूब प्रभावित कृषकों को मुद्रांक शुल्क में छूट का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है। इस पर कलेक्टर वशिष्ठ द्वारा निर्देश दिए गए कि प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए सार्थक प्रयास किए जाएं। भुम्मा से घोडकीढाना मार्ग निर्माण, नन्देवानी से सरकीखापा मार्ग पर दो नग हाई लेवल ब्रिज निर्माण, प्राथमिक शाला भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में कार्यपालन यंत्री पर चर्चा हुई।

# संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य समापन

### विशाल भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम मंडला, पोस्ट पलटवाड़ा, तहसील परासिया, जिला छिंदवाड़ा में आयोजित 7 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं मानस दर्शन सत्संग का आज श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ भव्य समापन किया गया। कथा के समापन अवसर पर पूरे ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक वातावरण व्याप्त रहा।इस पावन आयोजन में पं. श्री बिहारीलाल शास्त्री जी महाराज बशिष्ठ (उदयपुर, राजस्थान) के श्रीमुख से श्रीराम कथा का भावपूर्ण एवं संगीतमय वाचन किया गया। महाराज श्री ने अपने प्र

वचनों के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, धर्म, सेवा और त्याग के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।समापन दिवस पर विधिवत हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम मंडला सहित आसपास के अनेक ग्रामों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था ग्राम समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा सुव्यवस्थित एवं अनुशासनपूर्वक की गई।

इसी अवसर पर आदर्श समर्पण विकास फाउंडेशन के संस्थापक एवं समाजसेवी श्री सतीश नागवंशी जी कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे, जिन्हें उनके सामाजिक सेवा कार्यों के लिए आदरणीय गुरुवर पं. श्री बिहारीलाल शास्त्री जी महाराज के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा।पूरे आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी मंडला, ग्राम समिति एवं क्षेत्रीय बंधुगण का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकर्ताओं एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।आयोजन समिति के अनुसार, इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव, संस्कार एवं आध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है।

### स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम में दर्ज कराई थी शिकायत

# शारदा चौक पर नाली के ऊपर से अतिक्रमण हटाया, निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने वार्ड नंबर 23, पुराना चांद नाका स्थित शारदा चौक के सामने वाली कॉलोनी में कार्रवाई की। नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया।

शारदा चौक क्षेत्र में नाली के ऊपर लगभग 15 मकानों द्वारा बाउंड्री वॉल, मकान के हिस्से और चबूतरे बना लिए गए थे। इन अतिक्रमणों के कारण बीच में पानी की पाइपलाइन टूट गई थी, जिससे दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। साथ ही नालियां पूरी तरह भर गई थीं और पानी का बहाव पूरी तरह से बाधित हो गया था, जिससे क्षेत्र में गंदगी और जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी।





इस समस्या को स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के बाद नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और नाली के ऊपर बने अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान बाउंड्री वॉल और चबूतरों को तोड़ा गया तथा नाली की सफाई कर पानी के बहाव को पुनः सुधार किया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक नालियों पर अतिक्रमण से जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि भविष्य में नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा काल में पढ़ने वाले बच्चों को है लाभकारी, बसंत पंचमी के साथ साथ खमरा में बन रहा विशाल मंदिर हैं आकर्षण का केंद्र

# बसंत पंचमी पर आज खमरा में कराया जाएगा ब्राह्मीपान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

छिंदवाडा जिले के बिछुआ विकास खंड के ग्राम पंचायत खमरा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी वषंत पंचमी के पावन उपलक्ष्य में वषंत उत्सव मनाया जाएगा जहां सप्ताहिक शिवपुराण कथा चल रही हैं वहीं इस बार 23/01/2026 दिन शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन पर्व पर स्वर्गीय भागवत भूषण पं रामविशाल शुक्ल जी स्मृति को जीवंत रख आचार्य पं वीरेंद्र शुक्ल जी के द्वारा शुभ मुहूर्त में सरस्वती कवच एवं ब्राह्मीपान कराया जाएगा।परीक्षा के समय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ब्राह्मीपान होता है लाभकारीपरीक्षा काल में मध्यप्रदेश अपुतु आस पास के प्रदेशों में होने वाला यह एकमात्र कार्यक्रम जो कि पूरे विधि-विधान से आचार्य द्वारा यहां पर सरस्वती कवच एवं ब्राह्मीपान सभी को कराया जाता है।जो कि परीक्षा काल में पढ़ने वाले बच्चों को लिए विशेष लाभ कारी होता है मान्यता है कि यहां से दिया जाने वाला बीज मंत्र पढ़ाई में कारगर सिद्ध होता है।ग्राम वासी इस पल का सालभर करते हैं इंतजारवैसे ग्राम में भागवत भूषण स्वर्गीय पं रामविशाल शुक्ल जी के द्वारा कई वर्षों से भागवत कथा श्रवण कराते थे उन्हीं के द्वारा 1997में ग्राम के लोगों के साथ मिलकर पढ़ने वाले बच्चों को लेकर कुछ करने की बात कही जहां से यह ब्राह्मीपान कार्यक्रम सन्‌ 1999से प्रारंभ हुआ जो कुछ एक बच्चों से शुरू होकर आज हजारों की संख्या में यहां लोग आते हैं और इसका लाभ लेते हैं आप को बता दें पूज्य गुरुदेव द्वारा ग्राम खमरा में पूर्व में 1008श्री सरस्वती महायज्ञ का आयोजन किया जा चुका है, ग्रामवासी द्वारा इस अवसर का साल भर बड़ी बेसब्री से इंतजार किया जाता है जैसे बसंत पंचमी आती पूरा गांव इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जाता है एवं बाहर से आने वाले यजमानों की बड़े ही प्यार से यजमानी करते सभी के लिए समिति के द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की जाती है।विभिन्न चरणों में होता है कार्यक्रमबंसत पंचमी के प्रातः 8बजे से पहले चरण के साथ यह कार्यक्रम प्रारंभ किया जाता जो पांच से छह चरणों में यह कार्यक्रम संपन्न होता है कुछ एक मात्र शुल्क लेकर समिति द्वारा इच्छुक व्यक्ति को कूपन दिया जाता है जिसमें उनकी पूजन सामग्री एवं प्रसाद समिति की तरफ से दिया जाता है बिना कूपन के प्रवेश निषेध रहता है।विशाल मंदिर का हो रहा है खमरा में नवनिर्माण,एक करोड़ रूपए की लागत से बन रहा मंदिरआप को बता दें खमरा ग्राम अपने आप में एक इतिहास रचने जा रहा है जहां द्राविड़ संस्कृति से भव्य एवं दिव्य मंदिर आम जन मानस अथक प्रयास एवं सहयोग से आचार्य श्री वीरेन्द्र शुक्ल जी के सानिध्य में विशाल शिव मंदिर का नवनिर्माण हो रहा जो छिंदवाड़ा जिले अपितु आस पास के जिले में ग्रामीण क्षेत्र का यह पहला मंदिर हैं जो इतना भव्य एवं दिव्य मंदिर का नवनिर्माण ग्राम खमरा में हो रहा है।

## खमारपानी में राजा भोज जयंती और प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बिछुआ।** क्षत्रिय पवार समाज संगठन बिछुआ द्वारा राजा भोज जयंती और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 23 जनवरी दिन शुक्रवार को समय 9 बजे सांदीपनी विद्यालय के सामने खमारपानी में होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़कालिका पूजन, अतिथि स्वागत, विकासखंड ईकाई प्रतिवेदन वाचन, समसामयिक, सामाजिक व अन्य विषयों पर उद्बोधन, शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार प्रदर्शन के बाद भोजन प्रसादी के साथ ही कार्यक्रम का समापन होगा। राजा भोज जयंती समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप डाक्टर विजय पराड़कर, शैलेन्द्र धारे, भजनलाल चोपड़े, श्रीमति मौसम हिरनखेड़े, प्रभाकर खौसी, डाक्टर नामदेव राऊत सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।आयोजक कर्ता पवार समाज संगठन ग्राम इकाई बिछुआ, खमारपानी, गढ़वानी, कन्हरगॉव, मरजातपुर, पुलपुलडोह, कढैया, थुयेपानी, मोहगॉव खुर्द, चिरेंवानी, कुण्डई, बिसनपुर, सावजपानी, सागौनवन, खैरी खुर्द, जैतपुर, डुण्डासिवनी, झामटा, आमाकुही, पानाथावड़ी, अन्तरा, पुन्तरा, सुरंगी, सामरबोह, गढ़िया, तुमड़ागढ़ी, कुरई, लोहारबतरी, गोनावाड़ी, गोनी, जाखावाड़ी, छाबड़ी, बामला, बोड़ी, नवलगॉव की समितियों ने स्वजातीय बंधुओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## सती अनसूया माता स्कूल में बच्चों को बांटे उपहार, विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स



**सौंसर।** बिछुआ बग्गू स्थित सती अनसूया माता माध्यमिक शाला में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष मोटिवेशनल (प्रेरणादायक) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के करियर में सुधार लाना और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए उनका मार्गदर्शन करना था,कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता मधुकर गायकवाड़ ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एकाग्रता और सही दिशा में किया गया प्रयास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के टिप्स दिए। संस्था अध्यक्ष भाऊराव चौधरी, रमेश पातुरकर और प्रधान पाठक पी. ए. भक्ते आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रीतम चड्ढा ने एक अनूठी पहल की। उन्होंने अपने जन्म दिवस की खुशियां स्कूली बच्चों के साथ बांटीं और उन्हें विशेष उपहार भेंट कर उनके बेहतर भविष्य की कामना की।संबोधन के दौरान रमेश पातुरकर ने स्कूल के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर पूर्व अध्यक्ष एवं स्कूल संचालक स्व. देवरावजी पातुरकर ने इस स्कूल की स्थापना इसी उद्देश्य से की थी कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आसानी से उच्च शिक्षा मिल सके। आज यह संस्थान निरंतर फल-फूल रहा है और यहाँ से पढ़कर सैकड़ों बच्चे आत्मनिर्भर होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। यह गौरव की बात है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद उपासे, श्रीकृष्ण भक्ते, प्रवीण भक्ते, शिक्षिका पल्लवी खंडाईत, शिक्षक श्रीकांत भक्ते, प्रशांत भक्ते, सुरेश भानगे, मीराबाई भक्ते सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गणतंत्र पर्व की तैयारियां जोरों पर, मुख्य आयोजन के लिए प्रतिभागियों का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को नगर में 26 जनवरी गणतंत्र पर्व दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर एवं लोकशाही राना बहुत साठे मंगल भवन में स्कूली छात्र-छात्राओं की पूर्व तैयारी रिहर्सल का आयोजन किया गया, उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में नगर की शासकीय अर्ध शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित होकर पॉइंट एवं व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। चयन समिति में सदस्यों के रूप में नायब तहसीलदार अशोक कुमार अड़मे,पूर्व प्राचार्य के०डी० शेंडे,आर,एम पत्रिकर,पूर्व सैनिक, प्रदीप कलस्कर, रमेश गौतम, पीटीआई बाबा कुरैशी, उपप्राचार्य सजय गवनेकर आदि थे।वही लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे मंगल भवन में नगर की विभिन्न शासकीय अर्थशास्त्रीय शालाओं की ओर से आए हुए विभिन्न कार्यक्रमों को देखते हुए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य आयोजन में शामिल करने को लेकर कार्यक्रमों का चयन किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन समिति के द्वारा किया जायेगा, सांदीपनी स्कूल प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा, पशु चिकित्सा अधिकारी श्रीमति श्वेता डोंगरे, श्रीमती हीना वाडेकरजप सदस्य श्रीमति रेनू शिव सालोटकर,श्रीमति कल्पना मानकर, आदि थे,आयोजन के दौरान नगर की शासकीय जवाहर स्कूल गोहठान, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय प्रभावती शांतिनिकेतन स्कूल स्कूल, ओम साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है।यहां से चयनित हुए कार्यक्रमों का मुख्य प्रदर्शन 26 जनवरी गणतंत्र पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया जाएगा।

## स्कूल में बच्चों, पालकों ने दिखाई खेल प्रतिभा

### खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह, बड़ी संख्या में मौजूद रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोरगांव

औद्योगिक क्षेत्र बोरगाँव स्थित देव संस्कृति पब्लिक हाईस्कूल में आयोजित तीन दिवसीय 'वार्षिक खेल महोत्सव-2025' का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस महोत्सव में नन्हे बच्चों से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों और उनके पालकों ने भी खेल मैदान पर अपना दमखम दिखाया, महोत्सव के पहले दिन नर्सरी से लेकर कक्षा पहली तक के नन्हे छात्र-छात्राओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विशेष आकर्षण 'पालक खेल महोत्सव' रहा, जिसमें अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दूसरे दिन कक्षा दूसरी से छठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न स्पर्धाएं हुईं। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल के प्राचार्य नीलेश ठाकरे, विकास कुमार सिंह, संस्था संचालक हर्षल काले उपस्थित रहे। समापन के दिन कक्षा सातवीं से दसवीं तक के बड़े विद्यार्थियों के बीच कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों के कड़े मुकाबले देखने को मिले। इस अवसर पर संस्था संचालक हर्षल काले ने संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा के साथ-साथ छात्रों का मानसिक और शारीरिक विकास अत्यंत आवश्यक है। स्कूल में हर साल खेलों का भव्य आयोजन इसी उद्देश्य से किया जाता है ताकि बच्चों में खेल भावना अनुशासन विकसित हो सके। इस दौरान स्कूल प्रबंधक श्रीमती रेणुका टोंगे, श्रीमती माया भागवत,श्रीमती वंदना काले ने भी बच्चों को खेलों के महत्व से अवगत कराया उनके उज्वल भविष्य की कामना की। तीन दिवसीय खेल उत्सव को सफल बनाने में शिक्षक मोहित पूरी, भारती रायकवार, दीक्षा बोबड़े, प्रियंका वाडिवा और रश्मि देशमुख सहित समस्त स्कूल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा दीपक खरफुसे सम्मानित

**बिछुआ।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2024–25 की अवधि में संघ की राजभाषा नीति के सफल एवं श्रेष्ठ निष्पादन के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने पर युवा अधिकारी श्री दीपक खरफुसे को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।श्री दीपक खरफुसे वर्तमान में कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, आंचलिक प्रशिक्षण संस्थान, उज्जैन में पदस्थ हैं। राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में उनके सराहनीय योगदान के कारण यह सम्मान उन्हें एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।इस उपलब्धि पर सुखवाड़ा आश्रम, भोपाल एवं राष्ट्रीय भर्तृहरि विक्रम भोज पुरस्कार समिति भारत की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। समिति द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप रु. 101 की राशि में से रु. 50 की समिति सदस्यता प्रदान की गई तथा शेष रु. 51 रुपये मुँह मीठा करने हेतु हस्तांतरित किए गए।श्री खरफुसे की इस सफलता से उनके घर-परिवार, समाज एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।



## स्व.दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में संपन्न हुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन(स्नेह समागम) कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मुख्यालय स्थित स्व. दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी व क्षेत्रीय विधायक श्री राजकुमार कर्राहे जी थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामकुमार राणा ,जन भागीदारी अध्यक्ष ने की,विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्री मायाराम कोल एस डी एम किरनापुर, तहसीलदार श्रीमती झारिया मेडम श्री राणा कल्याण सिंह जनपद अध्यक्ष किरनापुर,श्री भुवन सिंह रहंगडाले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर,, डॉ वर्ष चौबे, बी.एमओ., किरनापुर एवं एवं समस्त जनभागीदारी सदस्य स्व दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरानापुर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ,इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन से सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी और स्थानीय विधायक श्री राजकुमार कर्राहे ने अपने उदबोधन में महाविद्यालय की प्रसंशा करते हुए सभी छात्र छात्राओं को अपने भविष्य के प्रति और सचेत रहने के लिए मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आप की मेहनत ही आपका भविष्य निर्धारित करेगा,कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री राम कुमार राणा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में महाविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महाविद्यालय का जो सर्वांगीण विकास हुआ है वह काबिले तारीफ है।

विद्यार्थियों ने अपनी अनेक मनममोहक प्रस्तुतियों से सभी अतिथियों और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया,सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा पर विशेष ध्यान दिया गया विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों में इसकी झाकियां प्रस्तुत की जिसमे स्नेहा और शुभांगी ग्रुप के द्वारा शिव तांडव नृत्य बहुत ही उत्कृष्ट था,इसी तरह से आपसी सद्भाव और समरसता को ध्यान में रखते हुए स्टाफ और विद्यार्थियों की टीमों के बीच अंताक्षरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो इस स्नेह सम्मेलन का सबसे आकर्षक क्षण था। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया।

## कटोरी में आंनद उत्सव संपन्न, खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

विकासखंड खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय कटोरी में 21 जनवरी बुधवार को आंनद उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कटोरी, फूलपुर एंव लिलामा आंनद उत्सव में शामिल होकर कर उत्सव को सफलतापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की अध्ययनरत छात्र - छात्राओ के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभ प्रदर्शित की । आंनद उत्सव के.इस दरमियान खो खो ,कबड्डी, उच्ची कूद ,बोरा दौड, चमच निबू दौड, लम्बी कूद अन्य खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विधार्थीयो के द्वारा भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया गया । विजेता प्रतिभागीयो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम सरपंच डेविड मेश्राम, प्राचार्य संदीप क्षीरसागर, खेल प्रभारी सुजीत डोंगरे, आंनद उत्सव के नोडल अधिकारी नरेंद्र डेकाटे,सचिव हरेंद्र बागडे, रोजगार सहायक जगदीश रांहगडाले, सहित अन्य शिक्षकगण एंव जन प्रतिनिधी व विधार्थी उपस्थित रहे है।.

### जो जैसा कर्म करेगा, उसे वैसा ही फल मिलेगा - विवेक पटेल

## ग्राम गर्रा टोला में भागवत कथा का हुआ समापन

### विधायक विवेक विक्की पटेल हुए शामिल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्राटोला में श्री संगीतमय भागवत शिव महापुराण कथा का गुरुवार को समापन किया गया। इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटले व संदेश बिसेन ने वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक शिवानंद जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। कथावाचक ने भगवान श्रीराम और शिव-माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने राजा हिमालय के यहां जन्म लिया था। माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी, इसलिए भोलेबाबा का विवाह पार्वती जी के साथ हुआ। कथा के दौरान श्रद्धालुगण धार्मिक भजनों पर नृत्य करते रहे। जिसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा.अर्चना की गई। कार्यक्रम स्थल पर भगवान शिव पार्वती की सजीव झाँकिया भी सजाई गई थी, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इस मौके पर ग्रामीण श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी मंडई मेले का माहौल चल रहा है। उसके बाद भी ग्राम गर्रा टोला में भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान की गंगा बह रही है, ग्राम गर्राटोला पूरा भक्तिमय हो गया है। हमारे क्षेत्र में बारिश के समय कुछ गांव में बाढ़ भी आ जाती हैं, जिससे किसानों की फसले खराब हो जाती है। फिर भी किसान दोबारा मेहनत करके उस फसल को उगाता है और अपने परिवार का जीवन यापन करता हैं। फिर भी सरकार किसानों की मेहनत का दाम नहीं दे पाती है। ग्राम में भागवत करना और भागवत सुनना, यह बहुत किस्मत की बात होती हैं। जो जैसा कर्म करेगा, उसे वैसा फल मिलेगा। इसलिए दूसरों के बारे में अच्छा सोचे, अच्छा करें, अच्छे इंसान बने, भागवत हमें जीवन जीने की शैली सिखाती हैं।

## तहसील कार्यालय में गणतंत्र दिवस मनाने की बैठक का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** स्थानीय तहसील कार्यालय स्थित सामुदायिक भवन में 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस मनाया जाने को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, जनपद सीईओ दीक्षा जैन, नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक व अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में भव्य गणतंत्र दिवस कार्यक्रम आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिसमें ध्वजारोहण, एनसीसी व अन्य स्कूलों की परेड, विभिन्न स्कूलों एवं विभागों की झांकी नृत्य और पूर्व की तरह ही उत्साह और धूमधाम से गणतंत्र दिवस को मनाया जाने की बात कहीं गई।

### मिलर्सों द्वारा मिलिंग नहीं किये जाने से बिगड़ी व्यवस्था

## धान का उठाव नहीं होने से केंद्र प्रभारी हो रहे प्रशासन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान का उठाव न होने से केंद्र प्रभारियों को भारी परेशानी हो रही है, क्योंकि उपार्जन केंद्रों धान के ढेर (स्टॉक) जमा हो रहे हैं, जिससे जगह की कमी, धान खराब होने का डर और किसानों को भुगतान में देरी जैसी दिक्कतें आ रही हैं। मिली जानकारी अनुसार धान का उठाव नहीं होने का मुख्य कारण मिलर्सों द्वारा धान की मिलिंग नहीं किया जाना है। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद कैप में पहुंचे धान को मिलर्सों द्वारा नहीं उठाया गया है जिससे वहां भी धान का भंडारण है। धान के उठाव नहीं होने से उपार्जन केंद्रों में धान का भंडार लगा हुआ है और केंद्र प्रभारियों पर दबाव और तनाव साफ देखा जा सकता है। वहीं धान का उठाव नहीं होने के कारण किसानों को भुगतान न होने के कारण भी केंद्र प्रभारियों पर दबाव बढ़ता है। उल्लेखनीय है की विगत दिनों जिला मुख्यालय में 127 राइस मिलर्स ने प्रशासन को अपनी मिलों की चाबियां सौंप दी थी। मिलर्स का यह निर्णय सरकार की नई मिलिंग नीति और दो साल से बकाया 120 करोड़ रुपये के भुगतान न होने के कारण लिया गया। मिलर्स का कहना है कि वे मिलिंग दर घटाकर 60 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने से नाराज हैं और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, वे मिलिंग नहीं करेंगे। मिलर्स एसोसिएशन के अनुसार प्रशासन स्वयं मिलिंग करवाए, क्योंकि मिलर्स को धान की मिलिंग का अनुबंध नहीं किया गया है। जिसके कारण मिलर्सों द्वारा उपार्जित धान का उठाव नहीं किया जा रहा है। वहीं मिलर्सों द्वारा धान की मीलिंग नहीं किये जाने को लेकरप्रशासन ने बकाया भुगतान न होने और नई पॉलिसी से नाराज मिलर्स के खिलाफ सख्ती दिखाई है, जिन मिलर्स ने मिलिंग नहीं की या गड़बड़ी पाई गई उन पर कार्रवाई की चेतावनी दी है, जबकि मिलर्स भुगतान और उचित दरों के लिए विरोध कर रहे हैं और मिलिंग से इनकार कर रहे हैं, जिससे धान के उठाव और कस्टम मिलिंग में रुकावट आ गई है, जिससे करोड़ों के घोटाले भी सामने आए हैं।

### आबकारी विभाग की दोहरी नीति से शराब कारोबारियों को मिल रहा फायदा

## अब भी जारी है जिलेभर की शराब दुकानों में अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** आबकारी विभाग की दोहरी नीति जिले में चर्चा का विषय बन गई है। एक तरफ विभाग जंगलों में जाकर हाथ भट्टी मदिरा विक्रय करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है, वहीं शहरों और तहसील क्षेत्रों में संचालित होने वाली देशी-विदेशी शराब दुकानों में अधिक मूल्य वसूले जाने पर मौन है। आबकारी विभाग अधिकारियों के अनुसार शराब दुकानों पर जाकर कार्यवाही करने के लिये अमला नहीं है, जो काफी सोचनीय विषय है। विभाग के अधिकारी हाथ भट्टी मदिरा विक्रय करने वालों पर कार्रवाई कर स्वयं को सूरमा बता रहे हैं, लेकिन शराब दुकानों में अधिक मूल्य वसूले जाने पर रोक लगाने के सवाल पर अमले की कमी बता रहे हैं। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या आबकारी विभाग को शराब दुकानों पर जाकर अधिक मूल्य वसूले जाने पर ठेकेदारों पर कार्यवाही करने के लिये विशेष फोर्स और पुलिस बल की आवश्यकता है? या यह की ठेकेदार किस तरह आबकारी और पुलिस प्रशासन को मैनेज करते हैं यह किसी से छिपा नहीं है। आबकारी विभाग की इस दोहरी नीति से जिले में अवैध शराब की बिक्री और अधिक मूल्य वसूले जाने की शिकायतें बढ़ रही हैं।

**प्रदेश सरकार की आबकारी नीति को दिखा रहे ठेंगा:** प्रदेश में नई आबकारी नीति के तहत मोहन यादव सरकार ने जनवरी 2025 में धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी, अहातों को बंद करने, राजस्व बढ़ाने के उपाय, पारदर्शिता और नियंत्रण, अवैध शराब की खरीदी बिक्री पर रोक लगाना था परंतु बालाघाट जिले के शराब ठेकेदार सरकार की आबकारी नीति को ठेंगा दिखाते हुए अपनी नीतियां लागू कर रहे है जिनमें शराब दुकानों के पास खुलेआम अहाते आज भी संचालित हैं। सरकार का राजस्व बढ़ाने की बजाय अपनी रेट लिस्ट के जरिये शराब बिक्री करना, किसी भी शराब दुकान में पीओएस मशीन का न होना, पैकारों के जरिये अवैध रूप से शराब बेचना शामिल है। परंतु प्रशासन इन सब खामियों को जानते हुए भी लगातार नजर अंदाज कर रहा है जिससे शराब ठेकेदार मनमाने मूल्य पर शराब बेचकर करोड़ों का मुनाफा कमा रहे हैं।

**20 दिनों में 289 प्रकरण दर्ज कर लूट रहे वाहवाही:** वहीं दूसरी तरफ आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई से जिले में अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विभाग ने 20 दिनों में 289 प्रकरण दर्ज कर 1608.02 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 33 लाख 03 हजार 380 रुपये बताया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न वृत्तों में विशेष निगरानी रखते हुए छापेमारी की। इस कार्रवाई में 56 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर 1583 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 25.02 लीटर देशी मदिरा जप्त की गई। इसके साथ ही 30 हजार 555 किलोग्राम लाहन बरामद कर विधिवत नष्ट किया गया।

खबर संक्षेप

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक

16 वी इंडियन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप बालाघाट में स्पोर्ट्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी के 12 सदस्य दल ने हिस्सा लिया था जिसमें विभिन्न आयु वर्ग और वजन वर्ग में पदक प्राप्त किये जिले के घंसौर धनोरा छपारा विकासखंड से खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें रागिनी यादव (स्वर्ण पदक ) काता कुमिते में मेघा प्रजापति मैं और (स्वर्ण पदक)
समर्थ राजपूत (रजत पदक ) अनुश्री सल्लाम (रजत पदक) सूर्यांश साहू (कांस्य पदक)मुनेश प्रजापति ( कांस्य पदक) खुशबू चक्रवर्ती (रजत पदक) हलीमा खान (कांस्य पदक) शुभम द्विवेदी (कांस्य पदक) नंदनी यादव (कांस्य पदक) पदक विजेता रहे प्रतियोगिता में 30 जिलों के लगभग 600 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया खिलाड़ियों को विभागीय कोच नारायण सिंह प्रजापति एवं प्रशिक्षक अन्नपूर्णा धुर्वे गीतेश प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण दिया गया इन सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता देहरादून में मध्य प्रदेश के दल में शामिल होकर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों को समस्त मीडिया टीम प्राचार्य अभिभावक व पदाधिकारी खेल प्रेमियों ने बधाई दी उज्वल भविष्य की कामना की है।

# बाहर से चमकदार, अंदर से जानलेवा !

## लौकी में मिले कीड़े, कीटनाशकों पर उठे सवाल



**छपारा ।** बाजार में बाहर से एकदम साफ-सुथरी और ताजी दिखने वाली लौकी अंदर से कितनी खतरनाक हो सकती है, इसका चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बाजार से खरीदकर लाई गई एक लौकी जब घर में सब्जी बनाने के लिए काटी गई, तो उसके अंदर कीड़े चलते हुए पाए गए। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग दंग रह गए।
यह घटना वर्तमान समय में सब्जियों में हो रहे अंधाधुंध कीटनाशक के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बाहर से चमकदार और आकर्षक दिखने वाली सब्जियां अंदर से सड़ी-गली या कीटग्रस्त निकल रही हैं, जो सीधे आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक रसायनों के उपयोग से सब्जियों की प्राकृतिक प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो रही है, जिससे वे जल्दी खराब होती हैं और कई बार अंदर से कीड़े लग जाते हैं। ऐसे में बिना जांच-परख के सब्जियों का सेवन पेट संबंधी बीमारियों सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

### स्वास्थ्य विभाग से मांग

स्थानीय लोगों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से सब्जी मंडियों में नियमित जांच और कीटनाशक उपयोग पर सख्त निगरानी की मांग की है। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि सब्जियां खरीदते समय सतर्क रहें, अच्छी तरह धोकर और काटकर ही उपयोग करें। यह मामला एक चेतावनी है कि केवल बाहर की चमक देखकर सब्जियों की गुणवत्ता का अंदाजा लगाना खतरनाक हो सकता है।

# ठंड में मानवता की गर्माहट: आयुष चौहान का सेवा अभियान

**बंडोल।** कड़ाके की ठंड के इस दौर में बंडोल के युवा समाजसेवी आयुष चौहान जरूरतमंदों के लिए मानवता की गर्माहट बनकर सामने आए हैं। आयुष चौहान द्वारा अब तक 8550 से अधिक ऊनी एवं अन्य वस्त्रों का दान किया जा चुका है, जिससे असहाय, गरीब, वृद्ध एवं बेसहारा लोगों को ठंड से राहत मिल रही है।यह सेवा अभियान वर्ष 2015 में तत्कालीन कलेक्टर श्री भरत यादव जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ था, जिसे आयुष चौहान आज तक पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ निभाते आ रहे हैं। समय के साथ यह कार्य एक सामाजिक अभियान का रूप ले चुका है, जिसमें हर वर्ष समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता बढ़ती जा रही है।इस वर्ष इस सेवा अभियान में मीडिया पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का सराहनीय सहयोग देखने को मिला। सभी ने आगे बढ़कर ऊनी वस्त्रों का दान किया, जिससे जरूरतमंदों तक अधिक सहायता पहुंच सकी और समाज में सेवा व संवेदनशीलता की भावना और मजबूत हुई। इस अभियान की एक विशेष बात यह है कि सेवा के दौरान किसी भी जरूरतमंद या दानदाता की फोटो अथवा वीडियो नहीं ली जाती। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी व्यक्ति को अपने हालात को लेकर शर्मिंदगी महसूस न हो। दानदाता और जरूरतमंद — दोनों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है, जिससे सेवा भाव पूरी तरह निःस्वार्थ और सम्मानजनक बना रहे। आयुष चौहान का मानना है कि सच्ची सेवा वही है, जिसमें दिखावा नहीं बल्कि संवेदना और आत्मसम्मान की रक्षा हो।
इस भीषण ठंड में आयुष चौहान स्वयं आगे आकर असहाय लोगों की मदद कर रहे हैं। उनके इस मानवीय प्रयास की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है और अनेक लोग इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। जो भी नागरिक या संस्था ऊनी वस्त्रों का दान करना चाहते हैं, वे संपर्क सूत्र 7566282718 पर संपर्क कर सकते हैं।

# श्री नर्मदा जयंती पर भक्ति और संस्कृति का महासंगम
# संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन

## 25 जनवरी से 2 फरवरी तक श्रद्धा, सेवा और साधना का अद्भुत उत्सव

**घंसौर/ श्री नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने हेतु एक भव्य आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है। नर्मदा तट गौघाट धाम (व्योहारी), जिला सिवनी में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं अन्नपूर्णा यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का संदेश भी देगा।**
25 जनवरी से 1 फरवरी तक गूंजेगी भागवत की अमृतवाणी आयोजन समिति के अनुसार संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का प्रवचन 25 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन किया जाएगा। कथा का समय दो सत्रों में निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, मीरा और सुदामा जैसे प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया जाएगा, जो श्रोताओं को भाव-विभोर कर देगा।

### कथा व्यास ध्रुव देव जी महाराज के सान्निध्य में भक्ति की धारा

इस संगीतमय कथा का वाचन परम श्रद्धेय पं. श्री कृष्ण चैतन्य जी महाराज द्वारा किया जाएगा। अपनी ओजस्वी वाणी, मधुर भजनों और गहन आध्यात्मिक विचारों के लिए विख्यात महाराज जी के सान्निध्य में कथा श्रवण को दुर्लभ अवसर माना जा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि उनके प्रवचन न केवल धार्मिक ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।
कथा स्थल के रूप में चयनित नर्मदा तट सिद्धेश्वर गौघाट धाम (व्योहारी) स्वयं में एक पवित्र और आध्यात्मिक स्थान है। मां नर्मदा की पावन धारा के समीप आयोजित यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। नर्मदा जयंती के अवसर पर यहां पहुंचकर श्रद्धालु मां नर्मदा का पूजन-अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### 2 फरवरी को होगा हवन एवं भंडारे का विशाल आयोजन

कथा समापन के पश्चात 2 फरवरी 2026, सोमवार को हवन एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। हवन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण किया जाएगा। वहीं भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है, जिससे सेवा और समर्पण की भावना को साकार रूप मिलेगा।
**अन्नपूर्णा यज्ञ : सेवा और समृद्धि का प्रतीक:**आयोजन के अंतर्गत अन्नपूर्णा यज्ञ का विशेष महत्व है। अन्नदान को महादान माना गया है और इसी भाव को साकार करने के लिए प्रतिदिन भंडारे एवं भोजन प्रसाद की व्यवस्था की जा रही है। आयोजकों का कहना है कि अन्नपूर्णा यज्ञ के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और सहयोग की भावना को सुदृढ़ किया जाएगा।

### विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे आकर्षण का केंद्र

आयोजन के दौरान प्रतिदिन मां नर्मदा की आरती, विशेष पूजन, दीपदान तथा धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे।प्रतिदिन 1008 दीपकों से मां नर्मदा की महाआरती*2 फरवरी को 10,000 दीपकों से मां नर्मदा की भव्य महाआरती*इन आयोजनों के माध्यम से नर्मदा तट दीपों की रोशनी से जगमगा उठेगा और वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

### सुबह से शाम तक भक्ति का प्रवाह

कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है कि श्रद्धालु पूरे दिन धार्मिक गतिविधियों में सहभागी बन सकें।
**प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कथा एवं प्रवचन**
सायं 7:30 बजे से संध्या आरती एवं भजन
इस क्रमबद्ध आयोजन से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और संतोष की अनुभूति होगी।

### आयोजन समिति ने की सहभागिता की अपील

आयोजन समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति का कहना है कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम है।

### क्षेत्र में उत्साह, तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार

आयोजन को लेकर सिद्धेश्वर गौघाट धाम गए थे एवं आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। कथा स्थल की सजावट, पंडाल निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं स्वच्छता को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। स्वयंसेवक दिन-रात सेवा कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### नर्मदा जयंती पर आध्यात्मिक चेतना का संदेश

श्री नर्मदा जयंती के इस पावन अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं अन्नपूर्णा यज्ञ न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह मानव जीवन में धर्म, सेवा और सद्भाव के मूल्यों को पुनः स्थापित करने का प्रयास भी है। मां नर्मदा की कृपा और भागवत कथा की अमृतवाणी से यह आयोजन निश्चित ही क्षेत्र के धार्मिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा।

# अनाज दलहन एवं तिलहन व्यापारी संघ मंडला द्वारा रेल विकास को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अनाज दलहन एवं तिलहन व्यापारी संघ, मंडला के प्रतिनिधिमंडल ने मंडला संसद माननीय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी एवं मंडला विधायक एवं कैबिनेट मंत्री माननीय श्रीमती संपतिया उईके जी से रेल विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मंडला भाजपा कार्यालय मे चर्चा की।
व्यापारी संघ के सदस्यों ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर पिट लाइन, स्टेबलिंग लाइन, वॉशिंग लाइन एवं कोचिंग डिपो के निर्माण की मांग रखते हुए बताया कि कोचिंग डिपो बनने से मंडला क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

# यज्ञोपवीत संस्कार एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को लेकर घंसौर व लखनादौन में जिला ब्राह्मण समाज की ब्लॉक स्तरीय बैठकें संपन्न

**सिवनी। सिवनी जिला ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 6 फरवरी को नगर के माता राजराजेश्वरी मंदिर, भगवान परशुराम मंदिर एवं मंगल भवन में आयोजित होने वाले यज्ञोपवीत संस्कार एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से घंसौर एवं लखनादौन में ब्लॉक स्तरीय बैठकों का आयोजन किया गया।**
घंसौर नगर के राम मंदिर में आयोजित बैठक में सिवनी जिला ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी, महासचिव प्रशांत शुक्ला, जिला संयोजक अजय मिश्रा, परशुराम वाहिनी के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत चतुर्वेदी, पं. जुगल किशोर दुबे, प्रमोद झा, महिला शाखा अध्यक्ष अरविंदजा दुबे, जिला संयोजक शकुंतला तिवारी, दुर्गेश्वरी शर्मा, गीता अवस्थी, मंजूलता दुबे सहित समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पवन पाठक द्वारा किया गया। बैठक में महासचिव प्रशांत शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 फरवरी को आयोजित यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम के साथ-साथ 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले समाजजनों का प्रतिभा सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समाजजनों से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ रहे अंतरजातीय विवाह एवं ब्राह्मण परिवारों में संस्कारों में आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त की गई।
इस अवसर पर घंसौर ब्लॉक अध्यक्ष विजय तिवारी सहित राजेश दुबे, संजय मिश्रा, राधेलाल तिवारी, विजय चतुर्वेदी, दीपेश पांडे, अवधेश पांडे, वैभव चतुर्वेदी, धनंजय मिश्रा, यश द्विवेदी, अशोक अग्निहोत्री, सुदामा महाराज, जित्तू नायक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में मंगल भवन निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई, जिस पर जिला अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी द्वारा भवन निर्माण हेतु सीमेंट प्रदान करने की घोषणा की गई, जिसका उपस्थितजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।
इसी क्रम में लखनादौन नगर के श्रीराम मंदिर में भी ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन अनुराग शुक्ला द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा सूर्यकांत चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत की गई। लखनादौन ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर शरण त्रिवेदी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों की उपस्थिति का आश्वासन दिया।
बैठक में शकुंतला तिवारी ने बच्चों में संस्कार निर्माण पर बल दिया, वहीं अरविंदजा दुबे ने अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों से सिवनी पहुंचने का आग्रह किया। गीता अवस्थी ने बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पं. दिलीप तिवारी, महासचिव प्रशांत शुक्ला, संयोजक अजय मिश्रा, जुगल किशोर दुबे, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र दुबे एवं सूर्यकांत चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्याम नारायण पांडे द्वारा किया गया।
बैठक में मोहनलाल शर्मा, अनिल तिवारी, अनूप दुबे, हीरा पांडे, सुनील तिवारी, गणेश प्रसाद तिवारी, रामानुज तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, कैलाश दीक्षित, प्रदीप शुक्ला, संतोष पांडे, प्रांजलि शुक्ला, नेहा त्रिवेदी, रश्मि दुबे, शालू शुक्ला, स्वाति तिवारी, श्वेता तिवारी, सुनीता उपाध्याय, सरोज तिवारी, मंजूलता दुबे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।
वहीं घंसौर जाते समय खैरा पलारी में राजीव तिवारी (मोबाइलः 99772 14355) को क्षेत्र में संपर्क हेतु आमंत्रण पत्र सौंपे गए। इसके साथ ही कहानी में जितेंद्र पाठक मोबाइल नंबर 9340 943321 और धनोरा क्षेत्र के लिए रविंद्र तिवारी 9425 1 777 324 और गणेशगंज क्षेत्र के लिए बृजेश तिवारी 9424 628751 को भी आमंत्रण पत्र प्रदान किए गए, जिससे क्षेत्र में उनका वितरण सुनिश्चित कर सके।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज में दिनांक 21 जनवरी 2026 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज के विनोद कुमार मरावी द्वारा जनपद सभा कक्ष में समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई समीक्षा बैठक में सहायक यांत्रिक उप यांत्रिक पीसीओ एडीओ सचिव रोजगार सहायक मोबाइलजर एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय की निर्माण की प्रगति मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य मजदूरी भुगतान लेबर बजट समग्र पेंशन की समीक्षा एवं नवीन पेंशनरों को जोड़ने के निर्देश दिए गए समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी नवागत सीईओ विनोद कुमार मरावी खंड पंचायत अधिकारी राम्मू सिंह मरावी सहायक यंत्री बसंत मरकाम एपीओ पंकज साहू बीसी पीएम एवाय आशीष पांडे बीसी एमबीएम संतोष मेशम एवं समस्त पंचायत के सचिव रोजगार सहायक मोबाइल करे एवं जनपद पंचायत के अधिकारी की उपस्थिति रही।



नर्मदा पुराण | ग्राम सागर में पुराण आयोजन में श्रद्धा भक्ति और आस्था अद्भुत संगम।

# नर्मदा पुराण में गूंजी सिद्धिदात्री माँ नर्मदा की महिमा

* दिवाकर शास्त्री जी ने बताए दुर्लभ तीर्थों के रहस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




**ग्राम सागर में चल रहे भव्य नर्मदा पुराण आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नर्मदा पुराण का यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं रायल परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें मां नर्मदा की दिव्य प्रतिमा की विधिवत स्थापना कर प्रतिदिन कथा का श्रवण कराया जा रहा है। बुधवार को आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मां नर्मदा की महिमा को भावविभोर होकर सुना।**
कथा वाचक पं. दिवाकर शास्त्री जी ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचन में बताया कि मां नर्मदा साक्षात सिद्धिदात्री हैं, जो अपने भक्तों को सिद्धि प्रदान करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि समस्त देवी-देवता किसी न किसी रूप में मां नर्मदा की शरण में विराजमान हैं और नर्मदा तट पर किया गया पूजन, दान एवं स्मरण अनंत पुण्य प्रदान करता है। शास्त्री जी ने कहा कि मां नर्मदा की महिमा शब्दों में वर्णित करना संभव नहीं है, क्योंकि स्वयं देवता भी उनकी आराधना करते हैं। कथा के दौरान पं. दिवाकर शास्त्री जी ने एक प्रेरक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार शिव मंदिर में दीप प्रज्वलित करने से कुबेर को महान फल की प्राप्ति हुई। उन्होंने बताया कि प्रसन्न होकर मां नर्मदा के तट पर कुबेर ने 'कुबेर भंडारी' नामक तीर्थ की स्थापना की, जिसके फलस्वरूप उन्हें यक्षों के राजा एवं धन के देवता का पद प्राप्त हुआ। यह प्रसंग यह दर्शाता है कि मां नर्मदा की कृपा से साधारण कर्म भी असाधारण फल प्रदान करते हैं।कथा में बुद्ध घाट की महिमा का भी विस्तार से वर्णन किया गया। पं. दिवाकर शास्त्री जी ने बताया कि बुद्ध घाट पर शिवजी का विधिपूर्वक पूजन करने से शारीरिक कष्ट, रोग एवं मानसिक पीड़ाएं दूर होती हैं और भक्तों को आरोग्य एवं शांति की प्राप्ति होती है। इसी क्रम में उन्होंने इंद्र से जुड़ी कथा का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि स्वर्ग के राज्य पद पर सदा बने रहने की कामना से इंद्र ने मां नर्मदा के पावन तट पर जबलपुर स्थित लम्हेता घाट में इंद्रेश्वर महादेव की स्थापना की, जिससे भगवान शंकर प्रसन्न हुए और इंद्र को सदा स्वर्गाधिपति बने रहने का वरदान प्रदान किया। आज भी उस घाट पर इंद्र के ऐरावत हाथी के पदचिन्ह विद्यमान हैं।कथावाचक पं. दिवाकर शास्त्री जी ने बताया कि मां नर्मदा के पावन तट पर 60 करोड़ 67 हजार 313 तीर्थ विराजमान हैं और प्रत्येक तीर्थ में स्नान, दर्शन एवं पूजन से पुण्य की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए और मां नर्मदा के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।



# सामाजिक सदभावना के साथ सिंधी प्रीमियर लीग का शुभारंभ 23 जनवरी से

* आयोजित खेल प्रतियोगिता को लेकर युवाओं के साथ बच्चों में भी उत्साह, खेल प्रतिभा के साथ उतरेंगे खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल मंडला के द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 23 जनवरी शुक्रवार से होने जा रहा है।इसमें सिंधी समाज के युवा खिलाड़ियों के प्रयास से मंडला में दूसरी बार रात्रिकालीन क्रिकेट मैचों की श्रृंखला कराई जा रही है। पौड़ी महाराजपुर में निर्मित खेल परिसर में सायंकालीन एवं रात्रिकालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों की सहभागिता हो रही है। खास बात यह है कि इसमें युवाओं के साथ-साथ बड़ी उम्र एवं छोटी उम्र के सदस्य भी खेल में शामिल हो रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, महानगरों में हो रहे सिंधी प्रीमियर लीग आयोजन से प्रेरणा लेकर मंडला में यह प्रतियोगिता प्रारंभ की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक सदभावना और युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। प्रत्येक टीम के लिए आठ खिलाड़ियों की संख्या निर्धारित की गई है, लीग मैच एवं क्वार्टर फाइनल प्रत्येक टीम के लिए 8-8 ओवर का खेल होगा, इसके साथ ही सेमीफाइनल और फाइनल प्रत्येक टीम के लिए 10-10 ओवर का मैच होगा।

### प्रतियोगिता में यह टीम हो रहीं शामिल

श्री झूलेलाल क्रिकेट काउंसिल के द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग में कुल 12 टीम सहभागिता कर रही हैं। इसमें सेवेजर्स टीम,बम्हनी ब्लास्टर, रो-को ब्लास्टर,वी एट टीम,वननेस टीम, एलाइट एट टीम, सुभाष वार्ड स्ट्राइकर्स, फैन्सी एट टीम, सत्ते पे सत्ता टीम, मंडला स्टार्स टीम, रॉयल सिंधी वारियर्स, सिंधी चैलेंजर्स टीम शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

### प्राकृतिक सौंदर्यता को बिगाड़ रहे रेत माफिया

## कनकी वैनगंगा नदी से दिनदहाड़े रेत की हो रही चोरी

### कलेक्टर बालाघाट ने दिया कार्यवाही का भरोसा

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जिले से प्रवाहित होने वाली जीवनदायिनी वैनगंगा नदी पर रेत माफियाओं का कब्जा है.?अघोषित क्षेत्र से रेत की चोरी करना और प्रशासन का मुक दर्शक बना रहना रेत माफियाओ के प्रभाव को प्रदर्शित करता है आखिर प्रशासन की ऐसी कौन सी मजबूरी है कि रेत माफियाओं पर कार्रवाई नहीं हो रही है.? कुछ एक कार्रवाई कर पल्ला झाड़ा जा रहा है.? ना कोई चोरी का मामला रेत चोरो का थाने में दर्ज हो रहा है.? आखिर यह कैसी कार्यवाही है.? जीवनदायिनी नदियों की प्राकृतिक सुंदरता बिगाड़ने का कार्य हो रहा है प्रशासन इस और ध्यान दें और रेत माफिया पर लगाम लगाए।


हरिभूमि
कनकी दशरटोला नदी से हो रहा खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन.
वैनगंगा के सीने को चीर रहे रेत माफिया



### कनकी कि सड़कों पर फर्राटे से दौड़ते रेत के बिना नंबर वाले ट्रैक्टर

गुरुवार को मीडिया कवरेज के दौरान कनकी मे पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश डहरवाल के घर के पास से गुजरने वाली सड़क जो वैनगंगा नदी जाती है सुबह से लेकर शाम 4:00 बजे तक अनगिनत रेत से भरे ट्रैक्टर फर्राटे से दौड़ते देखे गए. मीडिया टीम ने देखा की अनगिनत रेत के ट्रैक्टर बालाघाट की ओर जाते देखे गए कनकी गांव में बहुत स्थान पर डंप दिखाई दे रहा है..? रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में मीडिया प्रतिनिधि द्वारा कनकी के पटवारी और नायब तहसीलदार मयंक मिश्रा को जानकारी दे दी गई थी। मीडिया के द्वारा पड़ताल की गई और कनकी के जागरूक नागरिकों से जानकारी ली गई तो चौंकाने वाली बात सामने आई उन्होंने मीडिया के कैमरे के सामने रूबरू ना होते हुए मौखिक तौर पर बताया कि हमारे गांव के ही एक प्रभावशील नेता वैनगंगा नदी से रेत की चोरी करवा कर टोकन और रॉयल्टी की अवैध राशि वसूल रहे हैं.? ना तो यहां कोई स्वीकृत घाट है फिर यह अवैध काम कैसे चल रहा है गांव के लोग कभी कभार जरूरत के हिसाब से रेत ला लिया करते थे लेकिन अब तो वैन गंगा नदी से व्यापार हो रहा है. खनिज संपदा की चोरी हो रही है रॉयल्टी और टोकन के नाम पर अवैध वसूली हो रही है. रेत गांव में ही महंगे दामों में बिक रही है।

### रेत के अवैध उत्खनन पर गंभीर नहीं जिम्मेदार

बालाघाट पास में है फिर भी जिम्मेदार खनिज और राजस्व अधिकारी कनकी की वैनगंगा नदी से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन मामले में गंभीर नहीं है प्रतिदिन भारी पैमाने पर हो रहे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है कार्यवाही का ना होना कई सवालों को जन्म देता है कनकी के जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर से मांग है कि राजस्व को हानि हो रही है रेत की चोरी को रूकवाये क्योंकि यह बाहर जा रही है.? 20 दिसंबर 2025 को हरिभूमि समाचार पत्र द्वारा वैनगंगा के सीने को चीर रहे रेत माफिया शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया गया था और जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले कनकी मे ट्रैक्टर संचालकों से रेत माफियाओ द्वारा टोकन की अवैध वसूली के चलते आपसी विवाद गया और शिकायत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच गई शिकायत पर प्रशासन द्वारा संज्ञान लिया गया और कार्रवाई भी की गई. काम बंद कराया गया. लेकिन हैरानी की बात है की प्रशासन की कार्रवाई के बाद भी निरंतर कनकी वैनगंगा नदी से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। और इसे रोकने वाला कोई नहीं..? अवैध उत्खनन मामले में बालाघाट कलेक्टर श्री मृणाल मीणा को भी अवगत करा दिया गया है और उन्होंने कनकी वैनगंगानदी सहित अन्य स्थानों पर हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। आगामी दिनों में देखना होगा कि कलेक्टर के कार्रवाई के भरोसे के बाद क्या यह रेत का काला कारोबार रुकता है या निरंतर जारी रहता है। खबर लिखे जाने तक कनकी वैनगंगा नदी से रेत के अवैध उत्खनन मामले में प्रशासन के द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि नहीं हो पाई है।

#### इनका कहना हैं

इस मामले में मुझे जानकारी नहीं है अभी फिलहाल मै बाहर हूं।

**दुर्गा पगरवार,**
**कनकी, सरपंच**

## चांगोटोला थानेदार की निष्क्रियता पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट के चांगोटोला थाना क्षेत्र के हिरमनटोला में सड़क विवाद को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट हुई। इस मामले में पीड़ित परिवार ने गुरुवार दोपहर एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि चांगोटोला पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।**



पीड़ित पक्ष के दुर्गाप्रसाद बसेने ने बताया कि उनके और बोधन बसेने के मकान आबादी क्षेत्र में बने हैं। बोधन बसेने ने पंचायत की ओर से बनाई गई सड़क को जेसीबी से खुदवा दिया, जिसके बाद विवाद शुरू हुआ। विवाद के दौरान बोधन बसेने और उसके परिवार के लोगों ने दुर्गाप्रसाद के पिता चैनलाल बसेने को घर ले जाकर पीटा। उन्हें मरा समझकर पैक्रा के ढेर के पीछे फेंक दिया गया, जहां वे बेहोश मिले। चैनलाल बसेने को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनके सिर और पसलियों में चोटें आई हैं।

दुर्गाप्रसाद बसेने के अनुसार, उन्होंने डायल 112 को बुलाया था, लेकिन वह देर से पहुंची। जब वे चांगोटोला थाना पहुंचे, तो पुलिस ने बोधन बसेने और उसके परिवार के सदस्यों के हाथों में डंडे देखे, लेकिन उनकी शिकायत ठीक से दर्ज नहीं की गई और न ही उनका इलाज कराया गया।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद से हमला करने वाले बसेने परिवार के लोग खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें धमकियां दे रहे हैं, जिससे उन्हें जान का खतरा महसूस हो रहा है। दुर्गाप्रसाद बसेने के परिवार ने एसपी से इस मामले में हस्तक्षेप कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

#### इनका कहना हैं

मारपीट का मामला है, दोनों पक्षों पर कार्यवाही की गई है।

**शशांक राणा,**
**थाना प्रभारी, चांगोटोला**

## आरक्षक पुत्र पिता को हर माह वेतन से देगा 7 हजार रुपए की राशि

### भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत एसडीएम ने पारित किया आदेश

**बालाघाट।** बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम के अंतर्गत आदेश पारित किया है कि पुलिस लाईन बालाघाट निवासी आरक्षक मुकेश खाण्डेकर के वेतन से हर माह कटौति कर अपने वृद्ध पिता किशोर खाण्डेकर को 07 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाए और यह राशि उसके वृद्ध पिता के बैंक खाते में जमा कराना होगा। हट्टा निवासी 70 वर्षीय वृद्ध किशोर खाण्डेकर द्वारा न्यायालय वृद्ध माता पिता और वरिष्ठ नागरिको का भरण पोषण तथा कल्याण अधिकरण बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि वह अपनी 65 वर्षीय पत्नी के साथ रहता है। उनका एक मात्र पुत्र मुकेश खाण्डेकर कोतवाली बालाघाट में आरक्षक है। वह लगभग 21 वर्ष से माता पिता के पास नही आया है और उन्हें रुपए भी नही देता है। मुकेश की माता ह्रदय रोग की मरीज है अतः उनके भरण पोषण के लिए हर माह 09 हजार रुपए पुत्र मुकेश से दिलाया जाए। न्यायालय में आवेदन पत्र की जांच के पश्चात सुलह अधिकारी श्री बीआर भैरम के पास भेजा गया था। सुलह अधिकारी श्री भैरम तथा रमेश पटले के समक्ष 16 दिसम्बर 2025 को समक्ष में दोनो पक्षों को सुना गया और पुत्र मुकेश को समझाईश दी गई। जिस पर पुत्र मुकेश ने स्वेच्छा से पिता किशोर खाण्डेकर को हर माह 07 हजार रुपए देना स्वीकार किया है।

### दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बालाघाट की पहल

## बोधगया,लुंबिनी, काठमांडो सहित बुद्धिस्ट स्थलों यात्रा का आयोजन 25 मार्च से

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सम्पूर्ण विश्व में तथागत भगवान बुद्ध के सिद्धांत प्रासंगिक है और मानव जीवन में तथागत के पंचशील के पालन से जीवन सुखमय एवं मंगलमय होता है।इसी परिपेक्ष में भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक धम्म संस्था की जिला शाखा बालाघाट मप्र द्वारा बौद्धों के पवित्र धम्म स्थलों की धम्म यात्रा का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 से किया गया हैं,जिसमें सारनाथ,बोधगया,विश्व की पहली लोकतांत्रिक नगरी वैशाली,एशिया का सबसे बड़ा केसरिया स्तूप,तथागत की महानिर्वाण स्थली कुशीनगर, बोधिसत्व सिद्धार्थ की जन्मस्थली लुंबिनी (नेपाल), काठमांड़ो, पोखरा (नेपाल), कपिलवस्तु, तथागत के सबसे अधिक वर्षवास, जेतवन, अंगुलिमाल गुफा आदि का स्थल श्रावस्ती, महापुरुषों की याद में निर्मित विशाल डॉ.आंबेडकर पार्क लखनऊ आदि स्थलों की लक्जरी यात्रा का आयोजन शुल्क सहित(21500/)किया गया हे,यात्रा में विश्राम हेतु स्पेशल होटल+गेस्ट



हाउस,ब्रेक फास्ट,लंच,डिनर,यात्रा में इंडिया के सभी स्थलों की टिकट,मुंबई से संस्था के वरिष्ठ अनुभवी गाइड,बालाघाट से स्पेशल स्लिपर एवं सीटिंग सहित आरामदायक बस की व्यवस्था।यात्रा के स्थान सीमित है,शामिल होने लिए संपूर्ण जानकारी लेने हेतु संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे बालाघाट मोबाइल न. 9301708931,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट मोबाइल न. 9425844039, आर.डी. बनसोड तहसील अध्यक्ष वारासिवनी मोबाइल न. 8815289292,अभिराज मेश्राम तहसील महामंत्री वारासिवनी मोबाइल न. 9755224164 से संपर्क कर जानकारी लेकर अपना पंजीयन कर सीट सुरक्षित करे।

### मास्टर ट्रेनर्स चार्ल्स और नरेंद्र बंसोड़ की जोड़ी ने साझा की जानकारी

## प्राकतिक के करीब आकर विद्यार्थियों ने जाना वन विभाग की कार्य शैली





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के तत्वावधान में उत्तर सामान्य वन मंडल बालाघाट के अंतर्गत बुधवार 21 जनवरी को दक्षिण लामला सामान्य परिक्षेत्र द्वारा चाचेरी बीट नहरा नदीं क्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम हम हैं धरती के दूत का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर सामान्य वन मंडलाधिकारी रेशम सिंह धुर्वे प्रभारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन एवं लघु वनोपज संघ बालाघाट के शिवकुमार पन्द्रे की उपस्थिति में हाईस्कूल समनापुर, हाईस्कूल मगरदर्श तथा माध्यमिक शाला आमगांव टिटवा से आए विद्यार्थियों को वन एवं पर्यावरण से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी गई। सर्वप्रथम बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया, इसके पश्चात पक्षी दर्शन कराते हुए विशेष रूप से तैयार की गई ट्रेल पर भ्रमण कराया गया।

वन भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न वृक्षों के वनस्पतिक नाम, औषधीय महत्व तथा जंगल में पाई जाने वाली उपयोगी प्रजातियों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही बच्चों को बाघ एवं तेंदुआ जैसे वन्यजीवों के पदचिन्ह और विष्ठा के माध्यम से उनकी पहचान से अवगत कराया गया। वन सुरक्षा कार्यों जैसे पत्थर चेकडेम, ब्रशवुड चेकडेम, अग्नि सुरक्षा उपायों और जंगल संरक्षण की आवश्यकता पर भी विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में वन विभाग से अनीष चाल्स एवं नरेन्द्र बंसोड ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक, वनरक्षक एवं सुरक्षा सहयोगी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अनुभूति कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के करीब लाकर उन्हें पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और वन्यजीवों के महत्व के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने वन और प्रकृक्ति के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## साइबर अपराध के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़

### 22 म्यूल खातों से 15 लाख का संदिग्ध लेनदेन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में साइबर फ्रॉड के मामले में 22 म्यूल खातों का उपयोग कर लाखों रुपए का लेनदेन किया गया। यह जानकारी नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से मिलने के बाद पुलिस ने इन सभी खातों की जांच शुरू कर दी है।




सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद इन सभी खातों को तुरंत ब्लॉक कर दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने में लगी है कि खाताधारक इस साइबर फ्रॉड में शामिल थे या नहीं।

सीएसपी ने बताया कि म्यूल अकाउंट ऐसे खाते होते हैं जिनका साइबर अपराध में इस्तेमाल किया जाता है। अक्सर खाताधारकों को इस बात की जानकारी नहीं होती कि उनके खाते अपराधों में इस्तेमाल हो रहे हैं। इन 22 खातों में लगभग 15 लाख रुपए का लेनदेन हुआ।

बालाघाट में यह पहला मौका है जब नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल से इतनी बड़ी संख्या में म्यूल खातों के उपयोग की जानकारी मिली है। पुलिस ने जांच की गोपनीयता बनाए रखने के लिए खाताधारकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं।

पुलिस ने सभी बैंक खातों को सीज कर खाताधारकों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। इन 22 खातों में से लगभग 20 खाताधारक निर्दोष पाए गए, जबकि दो खाताधारकों को लेनदेन की जानकारी थी। पुलिस अब इन दो खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

#### इनका कहना हैं

मामले की जांच गोपनीय तरीके से जारी है और साइबर अपराधियों तक जल्दी ही पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**वैशाली सिंह कराहलिया**
**सीएसपी, बालाघाट**

## मॉयल सशक्त वर्तमान से उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर : विश्वनाथ सुरेश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम 'ए' शेड्यूल कंपनी मॉयल लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री विश्वनाथ सुरेश ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात कंपनी के समस्त कामगारों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मॉयल परिवार का हिस्सा बनना उनके लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, साथ ही यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे।**



श्री सुरेश ने कहा कि मॉयल देश की सबसे बड़ी मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी है, जो भारत के कुल मैंगनीज अयस्क उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत उत्पादन करती है। इसके बावजूद देश को प्रतिवर्ष लगभग 6 मिलियन टन मैंगनीज अयस्क का आयात करना पड़ता है, जो घरेलू उत्पादन की तुलना में काफी अधिक है। ऐसी स्थिति में मॉयल पर यह विशेष जिम्मेदारी है कि वह उत्पादन बढ़ाकर देश को मैंगनीज अयस्क के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उत्पादन के साथ-साथ बिक्री और आय में वृद्धि को भी समान रूप से प्राथमिकता दी जाएगी। "मॉयल 2.0" की परिकल्पना को साकार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), मशीन लर्निंग (ML) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) जैसी आधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग कर उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जाएगा, ताकि कंपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की अग्रणी खनन कंपनियों की श्रेणी में शामिल हो सके।

नये अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने यह भी बताया कि आने वाले वर्षों में उत्पादन में बड़ी छलांग लगाने के लिए ठोस और दीर्घकालिक योजनाएँ तैयार की गई हैं। इन योजनाओं को सफल बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर आधुनिक पद्धतियों को अपनाते हुए नए संकल्प और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करना होगा।

अंत में श्री सुरेश ने कहा कि सुरक्षित कार्य संस्कृति और कर्मचारियों की संतुष्टि मॉयल की प्रगति की कुंजी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब कर्मचारी खुश, सुरक्षित और प्रेरित रहेंगे, तभी मॉयल सशक्त वर्तमान से उज्ज्वल भविष्य की ओर निरंतर अग्रसर होती रहेगी।

## आज मतदाता दिवस पर दिलायी जाएगी मतदाता शपथ

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वॉं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ दिलायी जा रही है। दिनांक 24 एवं 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे दिलायी जाएगी। 23 जनवरी को सभी शासकीय कार्यालयों एवं मतदान केंद्रों पर मतदाताओं द्वारा शपथ ली जाएगी कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सड़क, बिजली, पानी इसी इंतजार में बीत गई कई जवानी

## टुईयापार के चोर-पिण्डकेपार के ग्रामीणों ने साझा किया दर्द

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 26 जनवरी 2026 को समूचा देश लोकतंत्र का उत्सव गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ मनाएंगा। लोकतंत्र का मतलब जनता का सर्वोपरि होना है। क्योंकि लोकतंत्र की स्थापना में एक-एक वोट की कीमत है। इस एक वोट से ही जनता गांव में सरपंच से लेकर राज्य और केंद्र की सरकार चुनती है ताकि चुनी हुई सरकार उनकी समस्याओं को निराकरण करें और वह गौरवपूर्ण जीवन जी सकें। मगर, लोकतंत्र की स्थापना में भागीदारी देने वाले एक गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे है। यह गांव बालाघाट जिले की जनपद पंचायत खैरलांजी की ग्राम पंचायत टुईयापार का चोर पिण्डकेपार है। जहां आज भी ग्रामीण सड़क बिजली और साफ पानी के इंतजार में है। गांव के कई लोगों की जवानी इन्हीं मूलभूत सुविधाओं के इंतजार में बीत गई है। वनाचंल ग्राम चोर-पिण्डकेपार गांव के भीतर एक बड़े हिस्से में आज भी पक्की सड़क नहीं है। जंगल से घिरे इस गांव में स्ट्रीट लाईट की कमी है जिस कारण शाम होते ही गांव की गलियों में अंधेरा छा जाता है। वन्य प्राणियों के खतरे को देखते हुए ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों से बाहर निकलने में भी डरते है। यहां जल जीवन मिशन हर घर नल-जल योजना पर कई लाखों रुपए खर्च हुए है परंतु योजना ने दम तोड़ दिया है। ग्रामीणों का कथित आरोप है कि सरपंच गांव के विकास पर ध्यान नहीं दे रही है। किंतु हकीकत कुछ यूं भी है पूर्ण लोकतंत्र के बाद भी सरकारी नियमों से ग्राम पंचायत व्यवस्था कमजोर दिखाई दे रही है। ग्राम पंचायत राज्य और केंद्र की योजनाओं के बनाए गए नियमों में इस कदर उलझी हुई है कि गांव की जरूरत के मुताबिक विकास कार्य नहीं पा रहे है।



भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 सम्मान पूर्वक जीने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। यानी प्रत्येक नागरिक को अच्छी सड़क, साफ पानी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। किंतु 1 हजार की आबादी वाला चोर पिण्डेकपार गांव के हाल देखकर ऐसा लगता है कि सम्मानपूर्वक जीने की बाते केवल पढ़ने में और सुनने में ही अच्छी लगती है। चोर पिण्डकेपार निवासी घनश्याम हाड़ीफोड़े ने बताया कि वह वार्ड क्रमांक 15 के निवासी है उनके वार्ड में सड़क नहीं है। आज तक वार्ड में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। गांव में पेयजल योजना तो है लेकिन कभी-कभार ही पानी मिलता है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से शाम होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। जियालाल सोनवाने बताते है कि गांव में सड़क बनने वाली थी लेकिन ग्रामीणों में एकराय नहीं होने की वजह से निर्माण नहीं हो पाया। बारिश के दिनों में तो पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। सूखे दिनों में धूल के गुबार से परेशानी होती है श्वास संबंधी परेशानी हो रही है। संजू लिल्हारे भी इन्हीं समस्याओं को दोहराते है वह कहते है कि उनका गांव जंगल के पास में है। गांव में कई बार वन्य प्राणी आ जाते है। उन्होंने बताया कि गांव में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक से लेकर सांसद से भी की गई। जनपद सदस्य ने भरोसा दिया था कि लाइट लगवाई जाएगी लेकिन बाद में उन्होंने अपने मद की राशि अन्य ग्राम पंचायत में प्रदान कर दी।

मीरा बाई बताती है कि उनके गांव के अधिकांश हिस्से में खारा पानी है। अभी पीने के लिए दूर से मीठा पानी लाना पड़ता है उन्होंने बताया कि हर घर नल जल योजना से भी कभी कभार ही पानी मिलता है। अंतकला दाने ने बताया कि उनके घर के सामने भी नल कनेक्शन है लेकिन उससे पानी नहीं मिलता योजना तो है किंतु उसका फायदा भी नहीं मिल रहा है। दरअसल, हर घर नल जल योजना के नाम पर यहां बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बिना जमीनी पड़ताल के ही ठेकेदार को भुगतान कर दिया और पंचायत के जवाबदारों ने पानी की हल्की धारा देखकर ठेकेदार को एनओपी सी प्रदान कर दी। चोर पिंडकेपार में ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं की दरकार है। सरकार जब अंत्योदय यानी अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विकास का दावा कर रही है तो फिर चोर पिंडकेपार के ग्रामीणों की तकलीफों को जानने और सुनने के लिए सरकारी अफसरों को इस गांव में जाना चाहिए और सच का पता लगाना चाहिए कि वाकई में जो ग्रामीण बता रहे है उसमें कितनी सच्चाई है। बहरहाल, पाइप लाईन के माध्यम से सभी घरों में पेयजल की व्यवस्था होगी यह दावा आज केवल कागजी है योजना का सफल क्रियान्वयन नहीं हो रहा है सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।